डॉ० श्री अजय कुमार सिंह, माननीय स०वि०प० से प्राप्त ध्यानाकर्षण सूचना सं०-1/212/19 के सम्बन्ध में

सुपौल जिले के सुपौल प्रखंड के तेलवा और गोपालपुर सिरे पंचायत के निवासी कोसी नदी के कटाव से परेशान हैं? गोपालपुर सिरे में निर्माण हो रहे हाई स्कूल पर भी नदी के कटाव का खतरा मंडरा रहा है? निर्मली प्रखंड के मझारी से एक सुरक्षा बाँध मरौना प्रखंड होते हुए सुपौल प्रखंड के नकटा ग्राम के वार्ड संख्या 6 तक निर्मित है? अगर इस सुरक्षा बांध को नकटा के वार्ड संख्या 7 से होते हुए गोपालपुर सिरे से सोनवर्षा टोला होकर मधुबनी जिले के फुलपरास के मधेपुर प्रखंड के महपतिया पंचायत से झरबा तक एक्सटेंशन देकर निर्मित किया जाय तो यह जनहित में बड़ा कदम होगा?

अतः मैं लोकहित में उपर्युक्त वर्णित सुरक्षा बांध के एक्सटेंशन हेतु सरकार से स्पष्ट वक्तव्य की मांग करता हूँ।

सरकार का वक्तव्य

वस्तु स्थिति यह है कि मंझारी से सुपौल प्रखंड के नकटा ग्राम तक विस्तारित सिकरहट्टा मंझारी निम्न बाँध (कुल लम्बाई- 26.275 कि0मी0) निर्मित है।

इसके अधोधार में कोशी नदी की एक धारा प्रवाहित होती है, जो कोशी नदी के मुख्य पश्चिमी कोशी तटबंध के कि0मी0 33.00 पर (किरतपुर ग्राम, जिला दरभंगा) मिलती है।

सुपौल प्रखण्ड के नकटा से मधेपुर प्रखण्ड के देवका के बीच नदी के पश्चिमी तट पर बसे महपतिया, सोनवर्षा, गोनवा, गोपालपुर सिरे आदि ग्रामों की नदी की धारा से औसतन दुरी 80 मी0 से 100 मी0 के बीच है। इन ग्रामों के समीप नदी की धारा का झुकाव पश्चिम की ओर है, जो बाढ़ अवधि में काफी आक्राम्य रहती है।

मधेपुर प्रखण्ड के देवका ग्राम से नवहट्टा प्रखण्ड के झरबा ग्राम तक तटबंध विस्तारीकरण हेतु किसी भी परिस्थिति में नदी की धारा को अवरूद्ध करना होगा।

कोशी नदी के सतत् परिवर्तनशील धारा के मद्देनजर प्रश्नगत ग्रामों के सुरक्षार्थ नदी तट पर प्रश्नगत तटबंध विस्तारीकरण कार्य तकनीकी दृष्टिकोण से संभाव्य नहीं है।

बिहार सरकार

<u>जल संसाधन विभाग</u>

ज्ञापांक–25 / वि0प0ध्याना0(वी0)–02–03 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– अवर सचिव, बिहार विधान परिषद् सचिवालय, बिहार, पटना को 212वें सत्र से प्राप्त ध्यानाकर्षण सूचना प्रश्न सं0–01 / 212 / 19 का उत्तर प्रतिवेदन (पाँच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0प0ध्याना0(वी0)–02–03 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0प0ध्याना0(वी0)–02–03 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0प0ध्याना0(वी0)–02–03 / 2026– 1342 पटना, दिनांक– 20/03/2026

प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0 टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

19.03.26
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव
19.03.26

Desktop-R.M.F./2025/ Sec-25/memo